an>

Title: Need to provide adequate facilities to salt manufacturing companies in the country.

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपको धन्यवाद देना चाहती हूं कि आपने मुझे अपने निर्वाचन क्षेत्र भावनगर की समस्याओं को रखने का मौका दिया। जैसे कि सब जानते हैं कि देश में 75 प्रतिशत नमक का उत्पादन अकेले गुजरात राज्य में होता है और पूरे गुजरात राज्य का 50 प्रतिशत उत्पादन मेरे निर्वाचन क्षेत्र भावनगर में होता है। भावनगर नमक का इतना बड़ा उत्पादक होने के बावजूद भी यहां की नमक कंपनियां सुविधाओं के अभाव में काम कर रही हैं। नमक की आवश्यकता देश के प्रत्येक नागरिक को है। इसलिए नमक के व्यापार को बढ़ाने की आवश्यकता है। यदि हम नमक निर्माता कंपनियों को उनकी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं करायेंगे तो नमक का व्यापार दम तोड़ देगा। गुजरात के भावनगर में स्थित कंपनियों में आने-जाने का मार्ग असुविधाजनक है। मजदूरों को रहने की सुविधा, उनके बच्चों की शिक्षा की सुविधा और उनके आरोग्य की सुविधा उपलब्ध कराने की बहुत जरूरत है।

इसके अलावा गुजरात में सबसे ज्यादा नमक उत्पादन होता है, फिर भी साल्ट कमिश्नरेट गुजरात में नहीं बैठते हैं, बल्कि दूसरे राज्यों में बैठते हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं कि साल्ट कमिश्नरेट गुजरात में या भावनगर में बैठें और नमक उत्पादकों की समस्याओं पर ध्यान देकर उनकी समस्याओं को हल किया जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री राज कुमार सैनी, आप यह क्या मुद्दा उठा रहे हैं, यह स्टेट का मैटर है, यहां आप पौंड्स की बात क्यों कर रहे हैं, यह मैं समझी नहीं, आप थोड़े में बताइये।